राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं से संवाद किया

जयपुर, 20 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में उदयपुर (ग्रामीण) विधायक श्री फूल सिंह मीणा के साथ उनके विधानसभा क्षेत्र से आई प्रतिभाशाली बालिकाओं ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र ने सरकारी स्कूल में अध्ययन कर बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली इन बालिकाओं से संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि प्रतिभाशाली बालिकाओं को उत्तरोत्तर प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने बालिकाओं से संवाद के दौरान कहा कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए व्यवस्थित ढंग से परिश्रम किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने शारीरिक व्यायाम और खेल–कूद गतिविधियों में भाग लेने के लिए बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अकादमिक श्रेष्ठता के साथ शारीरिक फिटनेस भी जीवन में आगे बढ़ने के लिए बहुत आवश्यक है।

विधायक श्री फूल सिंह मीणा ने बताया कि बेटियों के आग्रह पर ही उन्होंने चालीस साल बाद फिर से शिक्षा प्राप्त करना शुरू किया और दसवीं, बारहवीं की परीक्षा पास करते हुए स्नातक की पढ़ाई तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह गत कई वर्षों से प्रतिभाशाली बालिकाओं का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें हवाई यात्रा करवा रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल और शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**'संविधान उद्यान का अवलोकन किया'**

संविधान उद्यान आमजन के लिए खुलने के बाद शुक्रवार को इन प्रतिभाशाली बालिकाओं और अन्य लोगों ने संविधान उद्यान का भ्रमण कर भारतीय संविधान की विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। लोगों ने संविधान उद्यान में प्रदर्शित कला–रूपों का अवलोकन कर संविधान की संस्कृति, मूल भावना और आदर्शों को समझा। संविधान उद्यान में प्रदर्शित प्रतिमाओं के सामने लोगों ने छाया चित्र भी खिंचवाए।

——————